## खबर संक्षेप

### विश्वविद्यालय में नवीन पाठ्यक्रमों की शुरुआत

**शहडोल।** पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 से कैरियर एवं भविष्य की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण और संभावनाओं से युक्त नवीन स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों की शुरुआत की जा रही है। यह पहल क्षेत्रीय युवाओं को गुणवत्ता युक्त उच्च शिक्षा के साथ-साथ आधुनिक और रोजगारोन्मुख शिक्षा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (न्यायिक विज्ञान) — 4 वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम, बि.लिब.आई.एस.सी. — 1 वर्षीय परास्नातक पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान पाठ्यक्रम अब विश्वविद्यालय में आरंभ किए जा रहे हैं। अन्य शहरों की तुलना में अत्यंत न्यून शुल्क, जिससे सामान्य परिवारों के विद्यार्थियों को मिलेगा लाभ।

### सेवानिवृत्त से तीन माह पूर्व पेंशन प्रकरण करें प्रस्तुतः कलेक्टर

**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरण उनकी सेवानिवृत्ति के तीन माह पूर्व जिला पेंशन कार्यालय में प्रस्तुत करने क निर्देश जिले के समस्त आहरण संवितरण अधिकारियों को दिए हैं। शासन निर्देशों के बाद भी अधिकांश कार्यालय प्रमुखों द्वारा समय पर शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरण निराकरण हेतु जिला पेंशन कार्यालय में प्रस्तुत नहीं किये जा रहे है। कई कार्यालयों द्वारा शासकीय सेवकों के सेवानिवृत्ति के उपरांत पेंशन प्रकरण तैयार करने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाती है। कलेक्टर ने समस्त कार्यालय प्रमुखों को निर्देश दिए हैं कि उनके कार्यालय में सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरण उनके सेवानिवृत्ति के तीन माह पूर्व अनिवार्य रूप से पेंशन कार्यालय में निराकरण हेतु प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। समय पर पेंशन प्रकरण प्रस्तुत न करने की स्थिति में संबंधित के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित कार्यालय प्रमुख की होगी।

### अवैध रेत परिवहन करते वाहन धराया

**शहडोल।** खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण पर प्रभावी रोकथाम के लिएजिले के ग्राम पंचायत जरवाही के बटली घाट (सोन नदी) क्षेत्र अंतर्गत खनिज रेत का अवैध परिवहन में संलिप्त 01 वाहन बिना नंबर मेटाडोर को खनिज विभाग द्वारा जप्त किया गया । उक्त संलिप्त वाहन को जप्त कर शासकीय अभिरक्षा में संबंधित थाना प्रभारी बुढार की सुपुर्दगी में दिया गया। उक्त वाहन के विरूद्ध म.प. खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के प्रावधानों के तहत प्रकरण दर्ज कर कलेक्टर न्यायालय प्रेषित किया गया।

### 28 व 30 को आयोजित होंगे शिविर

**शहडोल।** जिले में धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जिले के चिन्हित 402 ग्रामों में लाभ संतृप्ति शिविरों का आयोजन सभी विकासखंड मे तिथिवार किया जा रहा है कार्यालय जनजातीय कार्य विभाग शहडोल ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर आयोजन के इस क्रम में विकासखंड सोहागपुर मे आगामी 30 जून को जनजातीय समुदाय को आधार कार्ड सुधार, राशन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, पी एम किसान सम्मान निधि, पी एम सुरक्षा बीमा योजना, मुद्रा लोन, जन्म प्रमाण पत्र इत्यादि लाभो से लाभान्वित करने व सेवा योजनाओं की जानकारी देने आयोजन किया जावेगा।

### शहडोल में सफेद वर्दी टीम की चेकिंग नहीं, चल रही वसूली की स्क्रिप्ट

# साहब करते हैं एसी कार में आराम

## अधीनस्थ करते हैं ''समरसता शुल्क'' की उगाही

**शहडोल।** जिले में कानून की आड़ में चलाई जा रही तथाकथित चेकिंग कार्रवाई अब भ्रष्टाचार का नया अड्डा बनती नजर आ रही है। टोल प्लाजा के पास रोजाना यातायात विभाग की टीम वाहनों की जांच के नाम पर न सिर्फ उत्पीडन कर रही है, बल्कि समरसता शुल्क के नाम पर खुलेआम अवैध वसूली भी कर रही है।

यह सिलसिला कोई इक्का-दुक्का दिन की बात नहीं, बल्कि रोजाना का तयशुदा कार्यक्रम बन गया है और खास बात यह है कि पूरी कार्रवाई एक वातानुकूलित गाड़ी में बैठकर 'साहब' की छत्रछाया में हो रही है।




### साहब दे रहे मौन सहमति

यह पूरी कार्यवाही एसी में बैठे साहब की निगरानी में होती है, जो अपनी वातानुकूलित गाड़ी में बैठकर सिर्फ आंखों से कार्रवाई की मूक मंजूरी देते हैं, जबकि उनके अधीनस्थ पसीना बहाते नहीं, बल्कि वसूली की पक्की स्क्रिप्ट पर काम करते हैं। नाम न बताने की शर्त पर राजेन्द्रग्राम की ओर केले लेकर जा रहे एक पिकअप वाहन चालक ने खुलासा



किया कि सबसे पहले गाड़ी के दस्तावेजों की मांग की गई। उसके बाद जानबूझकर दस्तावेजों में कमियां निकाली गईं और फिर खाकी पहने कर्मचारी समरसता शुल्क की डिमांड करने लगे। अवैध रूप से लिए गए पैसों को वैध ठहराने के लिए एक ऑनलाइन चालान काटा गया और साहब की गाड़ी में रखी एक डायरी में गाड़ी का नाम दर्ज किया गया।

### टोल प्लाजा के पास रोजाना चेकिंग

शहडोल-बुढार मार्ग पर स्थित टोल प्लाजा के पास यातायात विभाग द्वारा प्रतिदिन चेकिंग प्वाइंट लगाया जाता है। यहां पर दो-चार कर्मचारी नहीं, बल्कि पूरी टीम तैनात रहती है । जिनकी निगरानी एक एसी कार में बैठे साहब खुद करते हैं। हालांकि साहब खुद जमीन पर नहीं उतरते, लेकिन उनके अधीनस्थ वाहनों को रोकते हैं, कागजातों की पड़ताल करते हैं और फिर तय प्रक्रिया से हटकर गाड़ी वालों से मनमाफिक वसूली करते हैं।

### डायरी में दर्ज होती है गाड़ी

एक पिकअप वाहन चालक ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि वह केले से भरा अपना माल शहडोल से राजेन्द्रग्राम की ओर ले जा रहा था, उसे पहले रोका गया, फिर कागजातों की मांग की गई।




दस्तावेजों में मामूली सी कमी बताकर कर्मचारी दबाव बनाने लगे और फिर सीधे-सीधे 'समरसता शुल्क' की मांग की गई, जब वाहन चालक ने घूस देने से बचने के लिए बहस की, तो चालान की धमकी दी गई। अंत में एक 'ऑनलाइन' चालान काटकर बाकी पैसे अनाधिकृत रूप से ले लिए गए। चालक को बताया गया कि तुम्हारी गाड़ी की एंट्री साहब की गाड़ी में रखी डायरी में हो चुकी है। अब एक महीने की छूट दी जा रही है। अगली बार आए तो फिर समरसता शुल्क देना पड़ेगा।

### चेकिंग के नाम पर हो रहा टारगेटेड कलेक्शन

इन घटनाओं से यह स्पष्ट होता है कि यह कोई सामान्य कार्रवाई नहीं बल्कि सुनियोजित वसूली प्रणाली है। चेकिंग के नाम पर छोटे वाहन चालकों को परेशान कर उनसे खुलेआम अवैध वसूली की जा रही है। अगर कोई वाहन चालक विरोध करता है, तो चालान, गाड़ी जब्ती, थाने ले जाने की धमकियों का खेल शुरू हो जाता है। गौर करने वाली बात यह है कि इस पूरी प्रक्रिया में किसी बड़े वाहन या रसूखदार गाड़ी की चेकिंग नहीं होती, सिर्फ छोटे व्यवसायिक वाहन ही निशाना बनते हैं। क्योंकि ये जल्दी दबाव में आकर समरसता शुल्क देने को मजबूर हो जाते हैं।

### प्रशासन की चुप्पी संदेह को मजबूत कर रही

शहडोल में लंबे समय से ट्रैफिक और परिवहन विभाग के नाम पर अवैध वसूली की शिकायतें मिलती रही हैं, लेकिन अब यह स्पष्ट हो गया है कि इस वसूली को ऊपर से नीचे तक संरक्षित किया जा रहा है। क्योंकि कार्रवाई सिर्फ खानापूर्ति तक सीमित है । ना कोई शिकायत सुनता है, ना कोई जिम्मेदारी लेता है।

# पहली बारिश नहीं झेल पाई करोड़ों की सड़क

**शहडोल।** लंबे इंतजार के बाद जब करोड़ों रुपए की लागत से टेटका-रीवा रोड का निर्माण कराया गया तो लोगों को उम्मीद थी कि यह सडक़ लोगों के लिए आरामदायक होगी, लेकिन लगभग 02 माह पूर्व पूरी हुई सडक़ पहली बारिश नहीं झेल पाई और इस सडक़ में दरार आ गई। मध्य प्रदेश सडक़ विकास प्राधिकरण (एमपीआरडीसी) द्वारा ठेका से इस सडक़ का निर्माण कराया गया है। सडक़ की गुणवत्ता पर प्रश्न चिन्ह लगाते हुए जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र सिंह पटेल ने



जब एमपीआरडीसी के अधिकारियों से शिकायत की तो विभाग के अधिकारी नींद से जागे और आनन-फानन दरार में मुरूम डलवा दी।
टेटका से रीवा के लिए निर्माण कराई गई, इस सडक़ के संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि सडक़ निर्माण के कुछ दिनों बाद हुई बारिश का पानी ये सडक़ नहीं झेल पाई और जौरा के पास इसमें बड़ा दरार आ गया। इतना ही नहीं कई जगह सडक़ के किनारे मिट्टी दबती जा रही है, जिससे दुर्घटना की आशंका बलवती हो रही है। इस मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों का कहना है कि पुलिया ऐसी बेतरतीब तरीके से बनाई गई है कि इसमें जर्क लगता है और पुलिया में वाहन कूदने लग जाते हैं। ब्यौहारी के अनेकों लोगों ने बताया कि यहां जो नाली बनाई गई है, वह ऊंची-नीची है, जिससे सडक़ में कई जगह पानी भर रहा है। उन्होंने बताया कि बिजली ऑफिस के पहले चुंगी नाका के पास और न्यू बरौंधा तिराहा में नाली का पूरा पानी सडक़ में भर रहा है। लोगों ने बताया कि खामडांड़ में नाली आधी-अधूरी छोड़ दी गई है।




# भारत विकास परिषद स्वामी विवेकानंद शाखा ने संस्थापक डॉ.सूरज प्रकाश का जन्मदिन मनाया

**शहडोल।** भारत विकास परिषद स्वामी विवेकानंद शाखा द्वारा अपने संस्थापक डॉ. सूरज प्रकाश जी का जन्मदिन अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर डेवलपमेंट एरिया में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें डॉक्टर सूरज प्रकाश के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें श्रद्धा पूर्वक स्मरण किया गया।
डॉ. सूरज प्रकाश के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए डॉक्टर सुशील सिंघल ने कहा कि देश भारत-चीन युद्ध के बाद निराशा में डूबा हुआ था, ऐसे समय में देश के रक्षा में आम नागरिकों के प्रत्यक्ष योगदान के लिए डॉ. सूरज प्रकाश जी ने सिटिजन काउंसिल का गठन किया था, जो बाद में भारत विकास परिषद के रूप में परिवर्तित हुआ। उनके प्रयासों से भारत विकास परिषद भारतीय मूल्यों एवं दर्शन पर आधारित एक सेवा और संस्कार का आंदोलन बन गया। परिषद के शाखाअध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने डॉक्टर सूरज प्रकाश के दिखाएं सेवा के राह पर चलने का संकल्प व्यक्त किया।
कार्यक्रम में भगवान जगन्नाथ के रथ यात्रा का स्वागत परिषद के सभी सदस्यों ने आरती उतार का श्रद्धापूर्वक किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जन समूह उपस्थित रहा। सभी श्रद्धालुओं को भगवान जगन्नाथ का प्रसाद वितरित किया गया । कार्यक्रम का समापन भगवान जगन्नाथ की जय घोष के साथ हुआ। कार्यक्रम का संयोजन परिषद के उपाध्यक्ष अशोक मोर, कोषाध्यक्ष अजय शर्मा तथा दीपक केसरवानी ने किया। कार्यक्रम में विजय जैन, किशोर केडिया, सचिन गुप्ता, अरुण त्रिवेदी, अखिलेश शर्मा, जितेंद्र मिश्रा , रेनू त्रिवेदी, रविंद्र गुप्ता, प्रमोद सोनी, श्रीजा गुप्ता, माधुरी श्रीवास्तव, नीति सिंघल, अशोक सराफ संगीता मोर , रिंकी दुबे, बबीता मोर, राखी शर्मा सहित बड़ी संख्या में परिषद के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु परिषद् के सचिव विजय दुबे ने सभी का आभार ज्ञापित किया है।

### सीएम हेल्पलाईन के बावजूद नहीं हुई सुनवाई

# बिजली विभाग की लापरवाही से तीन मवेशियों की दर्दनाक मौत

**शहडोल।** जिले में बिजली विभाग की लापरवाही और सीएम हेल्पलाइन की निष्क्रियता ने तीन बेजुबान मवेशियों की जान ले ली। यह दर्दनाक घटना कोतवाली थाना अंतर्गत बंधवाबड़ा ठाकुर बाबा के पास घटी, जहां खुले में लगे बिजली पोल के ट्रांसफार्मर में फैले करंट की चपेट में आकर तीन मवेशियों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि इस संभावित खतरे को लेकर ग्रामीण संजय बैगा ने पहले ही मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी को चेताया था। उन्होंने साफ तौर पर बताया था कि गांव में खुले में लगे ट्रांसफार्मर और जानलेवा तारों से ग्रामीणों व मवेशियों की जान को खतरा है। जब विभाग ने शिकायत को नजर अंदाज किया, तो ग्रामीणों ने सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन सीएम हेल्प लाईन में भी खानापूर्ति कर मामले को गंभीरता से नहीं लिया गया।

### यह है मामला

सोहागपुर जनपद पंचायत अंतर्गत कोतवाली थाना क्षेत्र के बंधवा बड़ा ठाकुर बाबा के पास खुले में लगे बिजली पोल के ट्रांसफार्मर की चपेट में आकर तीन बेजुबान मवेशियों की मौके पर ही



दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा न सिर्फ बिजली विभाग की घोर लापरवाही को उजागर करता है, बल्कि समय रहते चेतावनी देने के बावजूद भी जिम्मेदारों के कानों में जूं तक न रेंगना सवालों के घेरे में है। ग्रामीण संजय बैगा ने पहले ही विद्युत विभाग को चेताया था कि खुले में लगे ट्रांसफार्मर और बिजली के तार जानलेवा साबित हो सकते हैं। उन्होंने विभाग को संभावित हादसे की आशंका जताते हुए पत्राचार और मौखिक शिकायतें की थीं, लेकिन संबंधित अधिकारियों ने न तो पोल सुरक्षित किया और न ही तारों की स्थिति को सुधारा,जब कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो ग्रामीणों ने सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत दर्ज कराई, परंतु अफसोसजनक बात यह रही कि शिकायत पर कोई अमल नहीं हुआ। नतीजा यह हुआ कि तीन निर्दोष मवेशियों को अपनी जान गंवानी पड़ी।

### दिखावा बनी सीएम हेल्पलाईन

ग्रामीणों ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन भी सिर्फ दिखावा बनकर रह गई है, अब हम अपनी फरियाद किससे करें, स्थानीय लोगों ने प्रशासन और बिजली विभाग के खिलाफ नाराजगी जाहिर करते हुए सवाल उठाया है कि शिकायतों के बावजूद कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई, क्या जिम्मेदार अधिकारी अब किसी इंसान की मौत का इंतजार कर रहे हैं। इस घटना से शासन की जनसुनवाई व्यवस्था और सीएम हेल्पलाइन की उपयोगिता पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिये है। शिकायत करने के बावजूद यदि नतीजा मौत के रूप में सामने आए, तो ऐसी व्यवस्थाओं का क्या औचित्य निकलता है।

# त्यौहार में शांति बनाये रखने अधिकारियों की लगाई गई ड्यूटी

**शहडोल।** 06 जुलाई को मोहर्रम का त्यौहार मनाया जाना है, मोहर्रम त्यौहार के दौरान जिले में शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाए बनाए रखने हेतु कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. केदार सिंह ने आदेश जारी कर जिले के सभी अनुभागों में संबंधित एसडीएम की एवं तहसील क्षेत्रान्तर्गत संबंधित तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की ड्यिूटी उनके कार्यक्षेत्र में लगाई गई है। जारी आदेश के अनुसार उपखण्ड सोहागपुर, में उपखंड मजिस्ट्रेट सोहागपुर की उपखंड जैतपुर में उपखंड मजिस्ट्रेट जैतपुर की, उपखंड जयसिंहनगर में उपखंड मजिस्ट्रेट जयसिंहनगर की एवं उपखंड ब्योहारी में उपखंड मजिस्ट्रेट ब्यौहारी की ड्यिूटी लगाई गई है। इसी तरह जिले की सोहागपुर, जयंसिंहनगर, गोहपारू, ब्यौहारी, जैतपुर, एवं बुढ़ार की ड्यूटी संबंधित तहसील क्षेत्रान्तर्गत लगाई गई है। सबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है कि वे थाना मुख्यालयों पर शान्ति समिति की बैठकों का आयोजन कर मोहर्रम के अवसर पर आयोजित किए जाने वाले जुलूस के निर्धारित स्थलों में अधीनस्थ अधिकारियों कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखना सुनिश्चित करेंगे।

# भीषण गर्मी में सूखे कंठ को तर करने ट्रेन रुकते ही बोगियों तक पहुंचता है ठंडा पेय जल

**शहडोल।** संभागीय मुख्यालय स्थित रेलवे स्टेशन मे निःशुल्क पेयजल सेवा का आज समापन होगा, गर्मी के दिनों में समय पर पानी मिल जाना अलग बात होती है। खासकर ट्रेनों में सफर कर रहे मुसाफिरों को उनकी बोगियों तक ठंडा पानी सहज रूप से उपलब्ध जाए तो यात्रा की थकान मिट जाने वाला होता है। रेलवे स्टेशन परिसर में शहर के श्री साईं सेवा समिति व रोटरी क्लब विराट के साथ तमाम समाजसेवियों ने भीषण गर्मी के इन दिनों में कुछ ऐसी ही व्यवस्था कर रखी है कि मुसाफिरों को उनकी बोगियों में ही निशुल्क रूप से ठंडा पानी सहज रूप से मिल जाता है। स्टेशन में आकर जैसे ही ट्रेन रुकती है, पहले से खड़े सेवादार द्वारा यात्रियों के पात्र पानी से भरते जाते हैं। 3 से 5 मिनट के ठहराव में सैकड़ों यात्रियों को उनकी सीट तक पानी मिल जाता है। सेवा का सह कार्य कोई एक दो साल से नहीं बल्कि पिछले 40 वर्षों से अनवरत चलता आ रहा है। सेवा का यह कार्य सन 1985 में स्वर्गीय कुलवंत ठंड ने शुरू किया था, जिसे उनके पुत्र शेखर ढंड ने साई संगठन के जरिए आगे बढ़ाया।

### नेक कार्य में इनका सहयोग

अब रोटरी क्लब विराट, सांझी रसोई, कई समाजसेवी व संगठन जुडक़र इस नेक कार्य में सहयोग कर रहे हैं। संस्था में हर वर्ग और हर धर्म के लोग वर्षो से जुड़े हुए हैं। जिनमें शेखर ढांड, सुशील खोडियार, पावन पाण्डेय, श्रीमती रीता पाण्डेय, सत्य प्रकाश राजवानी, इम्तियाज अहमद, क्रिस्टी अब्राहम, मंजूर अहमद, संतोष राव, महेद्र, प्रशांत नामदेव, राजेश सोंधिया, भागवत, मोहम्मद याकूब, रमीत सिंह, अयान खान, देवेंद्र श्रीवास्तव, अनुशील सिन्हा, इसाक खान, दुर्गा तांती, गोपाल निगम, जसवीर सिंह दुआ, कुमुद तिवारी, निरंजन पटेल, लखन बुचवानी, नरेश सिंघल, दीपक गौतम, शहंशाह फारुकी, समीम, श्याम, मुख़्तार खान, ईशान अहमद, फरहान अहमद, माही खान, जैकलीन अब्राहम आदि अपनी सेवाएं प्रतिदिन स्टेशन में आकर देते रहे ।

### बोगियों तक ऐसे पहुंचाते रहे पानी

प्लेटफार्म में सामान्य यात्रियों के लिए प्याऊ खोला गया है। ट्रेन के यात्रियों को इतना समय नहीं होता कि वे उतरकर बॉटल भर सकें। इसके लिए सेवादारों ने ट्रॉलियां रखी हैं, जिनमें पानी भरकर डिब्बों के पास खड़े रहते हैं। जैसे ही ट्रेन प्लेटफार्म पर रुकती है, सेवादारों की टोली घड़े के ताजा ठंडे पानी की ट्रॉली को लेकर सामान्य डिब्बों के आगे पेय जल परोसने का कार्य करते हैं। सेवादार बताते हैं कि सामान्य डिब्बे के हर यात्री के पास पानी पहुंचाने की पूरी कोशिश करते हैं। पेय जल सेवा 1 अप्रैल से प्रारम्भ होकर 30 जून को समाप्त होगा, रेलवे प्रशासन के सहयोग से संचालन होता रहा है। अब यात्री मानने लगे हैं कि कटनी से लेकर बिलासपुर के बीच शहडोल में उन्हें शुद्ध ठंडा पेय जल मिलेगा।

**श्री साईं सेवा समिति द्वारा भीषण गर्मी मे रेल यात्रियों को शुद्ध पेयजल की सेवाएं दीं**



## खबर संक्षेप

### बुढानपुर में जुआं खेलते तीन जुआरी धराये

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** कोतमा पुलिस ने शुक्रवार का नगर के समीपी गांव बुढानपुर पतेरा टोला में दबिश देकर जुआ खेलते तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को जानकारी मिली कि पतेरा टोला नवा तालाब के पास कुछ जुआरी ताश के माध्यम से हार जीत का गांव लगा रहे है। घेराबंदी कर मौके से पप्पू उर्फ जलेश्वर चौधरी 37 वर्ष निवासी पतेरा टोला, अजय बसोर 27 वर्ष पिता सुंदरलाल निवासी वार्ड क्रमांक 7 बनिया टोला एवं सुरेश सोनी 53 वर्ष पिता ददनराम सकोल को गिरफ्तार करते हुए नगदी एक हजार एवं ताश के 52 पत्तों के साथ धारा 13 जुआ एक्ट में कार्यवाही की गई। बताया जा रहा है कि खुले स्थान पर जुआ होने के कारण पुलिस के आने के पूर्व ही कुछ लोग मौके से फरार हो गए।

### खेत में करंट लगाने वालों पर हुई एफआईआर



**उमरिया।** जिले के नौरोजाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत करकेली के बन्नानाला बरही में करंट लगने से मृत हुए संतराम बैगा पिता रामप्रसाद (38) निवासी करहीटोला की मौत के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। मृतक के शरीर में मिले चोट के निशान व खेत में मिले साक्ष्य के आधार पर ओमप्रकाश गुप्ता को आरोपी बनाया गया है। पुलिस के अनुसार स्थल पर लोहे की फेंसिंग लगाकर ओमप्रकाश गुप्ता ने करंट फैला रखा था। उसी में फंसकर संतराम को अपनी जान से हाथ धोना पड़ गया। प्रकरण में अन्य कृष्णा, आंशु, प्रिंस व उमा गुप्ता सभी निवासी बन्नानाला को आरोपी बनाकर एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस का कहना है कि घर में मौजूद ये लोग यदि समय रहते करंट को समेट लेते तो यह जनहानि रोकी जा सकती थी। बता दें कि एक दिन पूर्व 24 जून को बन्ना नाला बरही में संतराम बैगा पिता रामप्रसाद का शव ओमप्रकाश गुप्ता की बाड़ी में मिला था। तार फेंसिंग में लगे करंट के चलते संतराम की मृत्यु हो गई थी।

## अमृत सरोवर का कार्य शीघ्र पूरा करानें के दिए निर्देश

# मृत सरोवर का कलेक्टर, सीईओ ने किया निरीक्षण

उमरिया। जिले के मानपुर जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत घघराड़ मे फुटहा नाला मुडग़ुड़ी पिपराटोला में जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन सप्ताह अंतर्गत अमृत सरोवर का कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन, सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिए कि अमृत सरोवर का निर्माण कार्य समय-सीमा में पूरा किया जाए ताकि इस पानी का उपयोग ग्रामीण जन सहित पशु पक्षी कर सकें।







कलेक्टर ने अमृत सरोवर के संबंध में सरपंच से पूछताछ की। सरपंच मनोज रैदास ने बताया कि फुटहा नाला मुडग़ुड़ी पिपराटोला में निर्मित अमृत सरोवर की लागत 24.84 लाख रूपये है, जिसका निर्माण कार्य जून के प्रथम सप्ताह से प्रारंभ हो गया है। स्वीकृत मद मनरेगा एवं 15वां वित्त है । स्वीकृत वर्ष 2025-26 है। इसके साथ ही ग्राम में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत 5 खेत तालाब के कार्यो में दो खेत तालाब का कार्य पूरा कर लिया गया है , वही तीन कार्य प्रगति पर है। इसी तरह 11 डगवेल के कार्यो में 7 पूरे कर लिए गए है 4 प्रगति पर है ।एक अमृत सरोवर का कार्य प्रगतिरत है, जिसे भी समय सीमा में पूरा किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान सरपंच मनोज रैदास, सचिव लक्ष्मी कांत तिवारी , ए स डी ओ , उपयंत्री , पैगाम फाउंडेशन से योगेश खंडेलवाल उपस्थित रहे।

# पर्यावरण को संतुलित रखने मे पौधों की अहम भूमिका: कलेक्टर

## कलेक्टर, सीईओ जिला पंचायत ने फलदार पौधों का किया रोपण





### पौधारोपण करने के साथ ही उसकी सुरक्षा का भी संकल्प लें: सीईओ

**उमरिया।** वृक्षारोपण का महत्व हमारे जीवन में अत्यधिक है। वृक्ष न केवल हमें शुद्ध वायु प्रदान करते हैं, बल्कि वे पर्यावरण को भी संतुलित रखते हैं। वृक्षारोपण से भूमिगत जलस्तर में वृद्धि होती है और मृदा कटाव को रोका जा सकता है। इससे वन्यजीवों को भी आश्रय मिलता है और जैव विविधता को बढ़ावा मिलता है। उक्त आशय के विचार कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने ग्राम पंचायत घघराड मे फुटहा नाला मुडग़ुड़ी पिपराटोला में पौधरोपण के दौरान व्यक्त किए । उन्होंने कहा कि पेड़ हमारे पर्यावरण के अभिन्न अंग है । धरती पर पेड़ पौधों के अस्तित्व के बिना मानव, जानवरो और अन्य प्रजातियों का अस्तित्व संभव नही है। उन्होंने कहा कि रोपित किए गए पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड लगाए ताकि यह पौधे जीवित बच सके। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभय सिंह ने कहा कि पौधारोपण करने के साथ ही सभी पेड़ों के सुरक्षा का संकल्प लें । जब यही पौध विशालकाय वृक्ष बनेंगे तो उनसे हमें फल के साथ छाया प्राप्त होगी। उमारिया जिला प्रदेश का सबसे हरा भरा जिला हो , इस संकल्प के साथ हम सब अभियान में सहभागी बनें। इस दौरान कटहल, मुनगा, जामुन, आम, नीबू के पौध का रोपण किया गया तथा उसकी सुरक्षा का संकल्प लिया गया । इस अवसर पर सरपंच, सचिव , एसडीओ, उपयंत्री, खंड स्तरीय कर्मचारी, पैगाम फाउंडेशन से योगेश खंडेलवाल उपस्थित रहे ।

### जिले में उत्कृष्ट कार्य करने पर विधायक ने किया सम्मानित

**उमरिया।** जिले में उल्लेखनीय उत्कृष्ट कार्य करने पर बांधवगढ़ विधायक शिव नारायण सिंह ने सामाजिक संस्था युवा टीम उमरिया के युवा हिमांशु तिवारी को अनुशंसा पत्र देकर सम्मानित कर उज्जवल भविष्य की कामना की हैं। सामाजिक संस्था युवा टीम उमरिया के द्वारा नशा मुक्ति जागरूकता, जल संरक्षण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, स्वच्छता अभियान, पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण, प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान, क्लीन उमरिया ग्रीन उमरिया, मतदाता जागरूकता अभियान, सडक़ सुरक्षा अभियान, रक्तदान कैंप, ग्रामीण क्षेत्रों में निशुल्क कोचिंग क्लास, निशुल्क स्वास्थ्य शिविर, निशुल्क योग शिविर,बाल विवाह,बाल मजदूरी, बाल संरक्षण एवं आदि उल्लेखनीय कार्य किए गए। बांधवगढ़ विधायक शिवनारायण सिंह ने युवा टीम उमरिया की सराहना करते हुए कहा कि निस्वार्थ भाव से सेवा देने वाले हिमांशु तिवारी व उनकी युवा टीम अनेक प्रकार के अभियानों के माध्यम से लोगो को पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, पौधारोपण महा अभियान व ब्लड डोनेशन कैम्प आयोजित कर ग्रामीण क्षेत्र के वासियों को जागरूक करने का सराहनीय कार्य कर रहे हैं।उन्होंने ऐसे ही सामाजिक सरोकार से जुड़े हुए कार्य करने के लिए युवा टीम को प्रोत्साहित किया तथा सहयोग की बात भी कही।



# जिला स्तरीय रीजनल इण्डस्ट्री, स्किल एण्ड एम्प्लॉयमेंट कॉन्क्लेव



**उमरिया।** जिले में जिला स्तरीय रीजनल इण्डस्ट्री, स्किल एण्ड एम्प्लॉयमेंट कॉन्क्लेव का आयोजन कार्यालय परिसर में किया गया। इस अवसर पर राज्य शासन की म0प्र0एमएसएमई विकास नीति अंतर्गत 5 इकाईयों को सिंगल क्लिक के माध्यम से उद्योग विकास अनुदान का वितरण किया गया तथा औद्योगिक क्षेत्र बड़वार में 2 इकाईयो को भू-आवंटन आदेश प्रदाय किए गए, जिनके द्वारा बायोमॉस पैलेट का उत्पादन किया जायेगा। मुख्यमंत्री उद्यम क्रान्ति योजना के तहत 2 हितग्राहियों को राशि रूपये 7,50,000 के ऋण स्वीकृति पत्र वितरण किये गये। साथ ही जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया। आशुतोष अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार व्दारा औद्योगीकरण को बढावा देने के लिए रीजनल इंडस्ट्री स्किल एंड एम्प्लायमेंट कान्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है । कान्क्लेव के आयोजन से उद्योग में बढ़ोत्तरी होगी तथा युवाओ को रोजगार भी मिलेगा । उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार व्दारा जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया गया है जिसके तहत पौधारोपण का कार्य किया जा रहा है। उन्होने उपस्थित जनों से कहा कि सभी जन एक एक पौधे का रोपण निश्चित रूप से करें और उसकी देखभाल करें । अभियान की सार्थकता तभी सिध्द होगी जब रोपित किए गए पौधों की सुरक्षा हो सकेगी। इस अवसर पर आशुतोष अग्रवाल, मिथिलेश पयासी, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र दिनेश मर्सकोले, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक सेवकराम सोनवानी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा एवं सुना गया।

### धरती आबा अभियान के तहत विभिन्न ग्राम पंचायतों में शिविर संपन्न



**उमरिया।** सहायक आयुक्त जन जातीय कार्य विभाग डा पूजा व्दिवेदी ने बातया कि धरती आबा जन जातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जन जातीय समुदायों को सशक्त बनाने के लिए 15 जून से जनपद पंचायतों के चयनित ग्रामों में कैंप का आयोजन किया जा रहा है। उन्होने बताया कि 28 जून को करकेली विकासखंड के ग्राम पंचायत पिनौरा मे शिविर आयोजित किया गया जिसमें पिपराडी, आमाडोगरी, मरदरी, बडागांव, मसूरपानी के ग्रामीण जन शामिल हुए । इसी तरह मानपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत इंदवार में शिविर आयोजित किया गया जिसमें बहेरवाह, भोलगढ़, छाप नंबर 1, चितरांव, दमोय, धनवाही, बसेही, डोंगरीटोला, इंदवार, झाल, बटुरावाह, नदावन, कठार के ग्रामीण जन शामिल हुए । शिविर के माध्यम से आधार कार्ड, पीएम आवास, आयुष्मान भारत कार्ड, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, पीएम उज्जवला योजना, वन अधिकार पट्टा, आयुष्मान कार्ड, सामाजिक सुरक्षा वृध्दावस्था पेंशन, एलपीजी गैस कनेक्शन, जन धन खाता, बीमा योजना, पीएम सुरक्षा मातृत्व अवकाश, राशन कार्ड, पीएम विश्वकर्मा, पीएम मातृत्व योजना, पीएम आवास योजना, टीकाकरण स्किल, मछली पालन हेतु हितग्राहियों का चिन्हांकन करने के साथ ही अन्य योजनाओ की जानकारी से अवगत कराया गया। उन्होने बताया कि 29 जून को करकेली विकासखंड के ग्राम पंचायत बंधवाटोला, तथा मानपुर जनपद पंचायत के इंदवार में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# हत्या के प्रयास का आरोपी वाहन सहित गिरफ्तार

### जैतहरी पुलिस ने की कार्यवाही

**हरिभूमि न्यूज जैतहरी।** फरियादी छत्रपाल सिंह पिता लखन सिंह गोंड़ उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम खोड़री ने 10/06/2025 को रिपोर्ट दर्ज कराया कि 00.30 बजे से 1.00 बजे के बीच गांव के छोटेलाल पनिका के लड़की की बारात सारबहरा गौरेला छ.ग. से आयी थी बारात द्वार पे लग रही थी उसी समय गांव का पुष्पेन्द्र सिंह गोंड़ पटाका फोड़ रहा था तो अनार की चिगांरी वहा खड़ी ग्रे कलर की इनोवा गाड़ी तरफ चली गई तो बारात में आया गाड़ी का मालिक आकर खलेन्द्र से पटाका छुड़ाने लगा तो उनकी झूमाझटकी होने लगी फिर गाड़ी का मालिक ड्रायवर वोला अभी तुमको बताता हूं मुझे अभी जानते नही हो ओर वह जाकर गाड़ी में बैठा ओर गाड़ी का कांच बंद करके गाड़ी को पीछे रिवर्स किया तो पीछे कई लोगो को धक्का लगा फिर गाड़ी आगे बढाकर गाड़ी के सामने खड़े लोगो को जान से मारने कि नियत से गाड़ी चढ़ाकर हत्या करने का प्रयास किया है। तेजी से खतरनाक ढ़ंग से गाड़ी चलाते सबको टक्कर मार के वहा से भागा है तो कई लोगो को गाड़ी से टक्कर लगी है जिसमें दुर्गेश पनिका पिता गोरेलाल पनिका निवासी चुकान थाना भालूमाड़ा, मनोहर पिता महिपाल पनिका निवासी सारबहरा, पुष्पेन्द्र सिंह पिता प्रताप सिंह गोड़ निवासी खोड़री, विकास पिता उमेद सिंह गोड़ निवासी खोड़री को गंभीर चोंट आयी है जिनको तुरंत प्रायवेट गाड़ी से गौरेला जिला अस्पताल लेजाकर भर्ती करवाये है तथा रामअवतार वर्मा निवासी खोड़री को बांये पेर के पंजे में तथा दाहिने पेर के घुटने में तथा दाहिने पेर की छोटी उगंली में चोंट आई है तथा आशीष कुमार सिंह पिता उमेद सिंह गोंड़ निवासी खोड़री को दाहिने हाथ की गदेली एवं उगंली में चोंट दर्द है तथा कृष्णा सिंह को बांये पेर के घुटने में चोंट आयी है तथा आकाश सिंह पिता भारत सिंह निवासी हरद थाना भालूमाड़ा को दाहिने पेर के टकने में एवं घुटने में खून अलूदा चोंट है तथा बांये पेर के घुटने के पास छिला हे काला पड़ा है तथा सिर में चोंट दर्द है एवं दाहिने पेर के पंजे में सूजनदार चोंट है। गाड़ी के ड्रायवर एवं मालिक का नाम पता किये तो मुनी खांन पिता हाजिर खान निवासी सारबहरा सरकारीटोला थाना गौरेला जिला जीपीएम छ.ग. का होना पता चला है की रिपोर्ट पर अपराध धारा 109 (1), बीएनएस 184 एम.व्ही. एक्ट कायम कर दोरान विवेचना प्रकरण में धारा 3 (2)5 एस.सी.एस.टी. एक्ट का इजाफा किया गया जो फरार आरोपी की लगातार तलाश की जा रही थी आरोपी बरकत अली उर्फ मुनी पिता हाजि मोहम्मद उम्र 31 वर्ष निवासी ग्राम सारबहरा थाना गौरेला जिला जी.पी.एम. (छ.ग.) को आज 27 जून को वेंकटनगर में मिलने पर पूछताछ कर घटना में प्रयुक्त इनोवा क्रिस्टा कार क्र. सी.जी.11 ए.डव्लू. 1928 मय कागजात के जप्त की गई एवं आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय अनूपपुर पेश किया गया माननीय न्यायालय से जेल वांरट वनने पर उक्त आरोपी को जिला जेल अनूपपुर दाखिल किया गया।




# भारतीय स्टेट बैंक अमरकंटक शाखा ने चलाया सघन वृक्षारोपण अभियान

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** मध्य प्रदेश के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक के वन विभाग के वन परिक्षेत्र अंतर्गत कक्ष क्रमांक पीएफ 236 रकबा 57 हैकटेयर वन भूमि अमरकंटक- राजेंद्रग्राम मुख्य मार्ग में वन परिक्षेत्र अमरकंटक के सौजन्य से स्थानीय भारतीय स्टेट बैंक शाखा अमरकंटक के द्वारा फलदार एवं छायादार तथा पूजनीय लगभग 50 से भी अधिक पौधों का वृक्षारोपण किया गया। उक्त वृक्षारोपण अभियान भारतीय स्टेट बैंक अमरकंटक के तत्वाधान में पर्यावरण के संरक्षण संवर्धन हेतु किया गया। उल्लेखनीय है कि वन विभाग के वन परिक्षेत्र अमरकंटक के द्वारा फलदार पौधे आम जामुन पूजनीय पौधे पीपल बट एवं पाकड़ आदि प्रजातियों के पौधों का रोपण अमरकंटक नगर के पर्यावरणीय दिशा में अहम भूमिका निभाना हेतु पर्यावरण संरक्षण संवर्धन अभियान हेतु लगभग 50 से भी अधिक पौधों का वृक्षारोपण अभियान के तहत किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक गौरव उपाध्याय एवं पी कुमार सुमन ने फलदार एवं छायादार वृक्ष रोपित किया। भारतीय स्टेट बैंक शाखा अमरकंटक के द्वारा आयोजित वृक्षारोपण अभियान में स्थानीय वन परिक्षेत्र अमरकंटक द्वारा छायादार एवं फलदार पौधे उपलब्ध कराए गए तथा पौधारोपण स्थल उपलब्ध कराया गया। पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में आयोजित वृक्षारोपण अभियान में वन परिक्षेत्र अधिकारी वीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव रमाकांत पटेल साधना मार्को तथा अरविंद पटेल की भूमिका उल्लेखनीय एवं सराहनी रही वृक्षारोपण अभियान में भारतीय स्टेट बैंक के प्रबंधक गौरव उपाध्याय एवं अधिकारी पी कुमार सुमन की सराहनीय तथा उल्लेखनीय भूमिका से वृक्षारोपण अभियान किया गया वृक्षारोपण अभियान में अमरकंटक नगर के पत्रकार धनंजय तिवारी एवं पत्रकार उमाशंकर पांडे मुन्नू ने भी पौधारोपण अभियान में सहभागिता दर्ज कराई।

# रफ्तार के कहर ने फिर किया अधेड को घायल



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** कोतमा हाईवे रोड में तेज रफ्तार वाहन चालकों के द्वारा लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए दुर्घटना को अंजाम दिया जाने की लगातार मामले सामने आ रहे हैं। सड़क हादसे के नए मामले में शनिवार को भालूमाडा थाना अंतर्गत सिंह पेट्रोल पंप के सामने तेज रफ्तार बाइक चालक के द्वारा सड़क पार कर रहे अश्वनी त्रिपाठी 49 वर्ष को ठोकर मार कर फरार हो गया। घटना की सूचना पर ट्रैफिक मित्र शिवांश सिंह के द्वारा घायल को अपने वाहन से तत्काल कोतमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर उपचार कराया गया। घायल के हाथ पांव एवं शरीर के अंदरूनी हिस्सों में चोट है। बताया जा रहा कि अश्वनी त्रिपाठी निवासी बनियाटोला सिंह पंप बदरा के सामने अपने परिजनों को ऑटो में बैठाने का प्रयाय कर रहा था। जिस दौरान तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक चालक द्वारा दुर्घटना कर दिया गया। विदित रहे कि निवासी शिवांश सिंह को हाल में ही पुलिस अधीक्षक द्वारा घायलों की मदद करने एवं हाइवे में आवारा मवेशियों को दुर्घटना से बचाने के लिए रेडियम बेल्ट बनाए जाने के सराहनीय कार्य को लेकर सम्मानित किया गया है।

# शनिवार को कोयलांचल में चली पुराने भवनों के डिस्मेंटल की कार्यवाही

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** शनिवार को नगर पालिका की टीम द्वारा नगर के विभिन्न वार्डों में वर्षों पुराने निर्मित मकान के जर्जर हिस्से को गिराने के लिए अभियान चलाया। बाजार क्षेत्र के कई निर्माण जो अति जर्जर होने के कारण आम नागरिकों के जीवन पर खतरा बनते जा रहे थे। नोटिस जारी कर हटाने की कार्यवाही की गई। जिला कलेक्टर के निर्देश पर नगर पालिका अधिकारी प्रदीप झरिया के साथ राजस्व, विद्युत एवं सफाई की 40 सदस्यीय टीम ने नगर के वार्ड 2, 3 बाजार क्षेत्र सहित अन्य जगहों में जर्जर निर्माण को हटाने की कार्यवाही की गई।



### रोड बंद कर 4 घंटे चली कार्यवाही

सीएमओ प्रदीप झरिया ने बताया कि वर्षों पूर्व निर्मित नगर के अनेक निर्माण मकान जो प्राचीन होने के साथ जर्जर होकर आए दिन अपने आप गिरते जा रहे थे। नोटिस जारी करने के बाद हटाया गया। 4 घंटे तक चली कार्यवाही में धर्मशाला भवन की जर्जर छत, एलएमजी होटल दुकान का बारजा, सुनील वर्मा के मकान के जर्जर हिस्से को हटाया गया। नपा अधिकारी ने बताया कई मकान और भी चिन्हित है जिनपर भी कार्यवाही की जाएगी। राजस्व की टीम पूरे नगर का सर्वे कर खतरनाक भवनों की जांच भी कर रही है। जर्जर हिस्से को हटाने के पूर्व मार्ग को बंद करने के साथ विद्युत लाइन भी अवरुद्ध किया गया था जिससे कोई दुर्घटना ना हो सके। कार्यवाही के दौरान अजय सराफ अध्यक्ष, प्रदीप झरिया सीएमओ, राजेंद्र सोनी, बद्री ताम्रकार, योगेंद्र तिवारी, मनीष गर्ग सहित टीम शामिल रही।

### आए दिन हो रही थी दुर्घटना

विदित रहे कि पिछले दिनों हुई जोरदार बारिश के बाद नगर के जर्जर मकान का हिस्सा गिरने की घटनाएं सामने आई थी। बाजार में निर्मित सार्वजनिक धर्मशाला के छत की दीवार अचानक गिरने से कई लोग बाल बाल बच गए थे। उक्त घटना से रोड में अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई थी।

### इनका कहना है

आधा दर्जन से ज्यादा जर्जर मकान मालिक को नोटिस दी गई है। 4 मकानों के जर्जर भाग हटाया गया है। सुरक्षा को लेकर अभियान जारी रहेगा।

**प्रदीप झरिया**
**सीएमओ कोतमा**

## खबर संक्षेप

### आउटर में बदमाशों ने ट्रेन में किया पथराव

**कटनी।** कटनी रेलवे स्टेशन आ रही गाड़ी संख्या 12268 रीवा इतवारी एक्सप्रेस व कटनी से सतना के लिए रवाना हुई गाड़ी संख्या 22177 महानगरी एक्सप्रेस में खिरहनी फाटक आउटर पर अज्ञात बदमाशों ने पथराव कर दिया। पथराव से एक महिला यात्री घायल हुई है तो वहीं खिड़कियों के कांच टूट गए है। पथराव की घटना सामने आने के बाद मंडल कार्यालय जबलपुर तक हड़कंप मच गया है। आरपीएफ व जीआरपी कटनी स्टेशन के आउटर से लेकर पटवारा स्टेशन तक तैनात की गई है। आरपीएफ ने कुछ संदेहियों को दबोचा भी है। जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 12268 रीवा-इतवारी एक्सप्रेस कटनी रेलवे स्टेशन आ रही थी। इसी दौरान पटवारा से कटनी के बीच अज्ञात लोगों ने ट्रेन के एस-1 व एस-3 कोच में पथराव कर दिया। पथराव के बाद ट्रेन में मौजूद ट्रेन स्टॉफ ने ट्रेन में ही घायल यात्री का प्राथमिक उपचार किया तो वहीं घायल महिला को जबलपुर में उपचार प्रदान किया गया। हालांकि इस पथराव की सूचना समय रहते कटनी स्टेशन व आरपीएफ को नहीं मिली, जिसके चलते महिला को जबलपुर में उपचार मिला। इसी तरह की घटना कटनी रेलवे स्टेशन से सतना की ओर रवाना हुई गाड़ी संख्या 22177 महानगरी एक्सप्रेस में हुई। खिरहनी फाटक आउटर पर अज्ञात लोगों ने पथराव किया, जिससे बी-6 कोच की खिड़की का कांच क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि सीट पर बैठा यात्री बाल-बाल बच गया। ट्रेन के मानिक स्टेशन पहुंचने पर आरपीएफ ने यात्रियों से घटना की जानकारी ली।

### राज्य अधिवक्ता परिषद में 600 अधिवक्ताओं को किया गया नामांकित

**कटनी।** एड अंजुला सरावगी बजाज जिला प्रतिनिधि शिकायत निवारण समिति ने बताया कि राज्य अधिवक्ता परिषद में नामांकन समिति-ए की बैठक आयोजित की गई। नामांकन समिति ए में परिषद के वाईस चेयरमेन आर. के सिंह सैनी, राजेश कुमार शुक्ला, एवं कोषाध्यक्ष मनीष तिवारी उपस्थित रहे। नामांकन समिति-ए के द्वारा अधिवक्ताओं के हितार्थ कार्य करते हुये नवीन नामांकन आवेदन फॉर्मों पर विचारोपरांत लगभग 600 नामांकन आवेदनों पर अपने हस्ताक्षर से पंजीयन कर मुहर लगाकर नये अधिवक्ताओं को नामांकित किया गया व 2 सनद पुर्नबहाली कर मुहर लगाई गई। बैठक के दौरान अधीक्षक लालमणि कुशवाहा, देवेन्द पाण्डेय, प्रणय खरे, अंकित सेन, सागर शर्मा इत्यादि उपस्थित रहे। श्री सैनी ने बताया कि मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद में नामांकन समिति ए की बैठक आयोजित की गई जिसमें लगभग 600 अधिवक्ताओं के नामांकन किये गये। बैठक के दौरान परिषद के वाईस चेयरमेन आर. के सिंह सैनी, राजेश कुमार शुक्ला, कोषाध्यक्ष मनीष तिवारी, प्रेम सिंह भदौरिया एवं दिनेश नारायण पाठक, अंजुला सरावगी बजाज, संदीप दुबे एड राकेश यादव एड राजेश सिंह एड अक्षय बजाज एड मगलजीत सिंह एड अनुराग गुप्ता विपिन चक्रवर्ती ने नए अधिवक्ताओं को बधाई दी।

### सम्मिलन निर्धारित एजेंडो में हुई विस्तृत चर्चा

**कटनी।** नगर पालिक निगम कटनी का 19 मई का स्थगित सम्मिलन शुक्रवार को निगमाध्यक्ष मनीष पाठक की अध्यक्षता में प्रारंभ किया गया। बैठक प्रारंभ होने पर सदन में निर्धारित एजेंडों पर विस्तृत चर्चा प्रारंभ की गई । चर्चा उपरांत सी0एल0पाठक वार्ड स्थित औषधालय के खुलने के उपरांत बंद करने के समय में वृद्धि करने एवं आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराये जाने , स्व0 पन्नालाल बजाज मार्ग का नामकरण, विभागीय सलाहकार समिति की बैठक समय पर न बुलाये जाने, बिना अनुमति/अवैध निर्माण के संबंध, छपरवाह स्थिति गार्डन को अन्य प्रयोजन हेतु न देने के संबंध में अन्य विषयों पर चर्चा उपरांत निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। अंत में नगर पालिक निगम कटनी में कार्यरत कर्मचारी श्री मुकेश दुबे एवं अनुराग जायसवाल के आकस्मिक निधन होने पर गतआत्मा को शांति प्रदान करने हेतु दो मिनट का मौन रख कर शोक श्रद्धांजलि अर्पित की गई ।

### रिटायर हो चुके कर्मचारी की नौकरी चार साल बढ़वाई, अब 2029 तक करेंगे सेवा

# सेवा न्याय की मिसाल बनी एटक यूनियन

सोहागपुर की यह घटना केवल एक समाचार नहीं है, यह श्रमिकों के हक, संघर्ष और जीत की कहानी है। यह दिखाता है कि जब संगठन सही दिशा में, सही तथ्यों के साथ कदम बढ़ाता है, तो इतिहास रचा जा सकता है।



धनपुरी शहडोल

एसईसीएल सोहागपुर एरिया कि बंगवार भूमिगत खदान (यूजी) में कार्यरत अमरनाथ को जब कंपनी ने 30 जून 2025 को रिटायर करने का आदेश दिया, तब शायद किसी को उम्मीद नहीं थी कि यह निर्णय पलटा जा सकता है। लेकिन एटक यूनियन की दृढ़ इच्छाशक्ति, लगातार डेढ़ साल तक चले संघर्ष और तथ्यात्मक दस्तावेजों की बदौलत न सिर्फ यह आदेश रद्द हुआ, बल्कि अमरनाथ को 4 साल का सेवा विस्तार भी मिला। अब अमरनाथ 2029 तक कंपनी की सेवा में बने रहेंगे। यह उपलब्धि केवल एक कर्मचारी की जीत नहीं, बल्कि श्रमिक संगठनों की ताकत का प्रमाण है। जहाँ चाह होती है, वहाँ राह निकलती हैर, इस कहावत को सच कर दिखाया एटक यूनियन ने। **इतिहास रचने वाली पहली घटना:** सोहागपुर एरिया में यह पहला मौका है, जब किसी कर्मचारी को गलत उम्र निर्धारण और दस्तावेजी त्रुटियों के बावजूद सेवा विस्तार मिला हो। अमरनाथ का मामला केवल व्यक्तिगत न्याय नहीं है, यह संगठन की प्रतिबद्धता, रणनीतिक दक्षता और अथक मेहनत का प्रमाण है। कंपनी प्रबंधन द्वारा सेवा निवृत्ति के आदेश के खिलाफ एटक ने बिलासपुर मुख्यालय तक दस्तावेजों के साथ लड़ाई लड़ी। अंततः कंपनी को आदेश निरस्त करना पड़ा और नया नियुक्ति पत्र जारी करना पड़ा। **एटक ने साबित किया:** संगठन का मतलब सिर्फ भाषण नहीं, समाधान हैइस पूरे संघर्ष में एटक (एससीएमएस) एसईसीएल के शीर्ष नेताओं का विशेष योगदान रहा। अध्यक्ष का. कन्हैया सिंह, महासचिव का. अजय विश्वकर्मा, वरिष्ठ नेता का. धर्माराव, क्षेत्रीय अध्यक्ष का. रावेन्द्र शुक्ला, क्षेत्रीय सचिव का. राजेश शर्मा, और सक्रिय सदस्य का. दीपक, का. दुखीराम मोहल्लदार, का. मुकेश राय समेत अनेक साथियों ने समर्पण से कार्य किया। राजेश शर्मा ने कहा, हमारा संगठन केवल वादे नहीं करता, परिणाम देता है। यह लड़ाई अमरनाथ जी की नहीं थी, यह हर उस कर्मचारी की लड़ाई थी, जो न्याय का हकदार है। यह घटना न केवल क्षेत्र के कर्मचारियों के लिए प्रेरणा बन गई है, बल्कि यह भी सिद्ध करती है कि यदि संगठन मजबूत हो और नेतृत्व प्रतिबद्ध हो, तो किसी भी अन्याय का प्रतिकार संभव है। एटक यूनियन ने यह साबित कर दिया है कि उनका उद्देश्य केवल अधिकार मांगना नहीं, बल्कि उन अधिकारों को सुनिश्चित करना है। अमरनाथ बोले, अब नयापन महसूस हो रहा है'सेवा विस्तार प्राप्त अमरनाथ भावुक होकर कहते हैं, जब मुझे रिटायरमेंट का पत्र मिला था, तो लगा जैसे ज़िंदगी का एक अध्याय बिना कारण बंद हो गया। लेकिन एटक ने मुझे नया आत्मविश्वास दिया। आज मुझे फिर से नई शुरुआत का एहसास हो रहा है।



## बकहो में नगर परिषद की लापरवाही, मैदान बना कूड़े का ढेर, गंदगी से लोगों को बीमारी फैलने का डर, सफाई की मांग

अमलाई।

नगर परिषद बकहो की अनदेखी से नगर का साईं मंदिर मैदान कूड़े का अड्डा बनता जा रहा है। मैदान में जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हैं, जिनसे उठती दुर्गंध से आसपास के निवासियों का जीना मुहाल हो गया है।स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार परिषद को शिकायत दी गई, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। मैदान में प्लास्टिक, कागज, घरेलू कचरा और सड़ी-गली सब्जियां बिखरी पड़ी हैं। इस गंदगी के चलते मवेशी और आवारा कुत्ते यहां डेरा डाले रहते हैं, जिससे बच्चों और बुजुर्गों को खतरा बना हुआ है।अब जबकि बारिश का मौसम है, तो मलेरिया, डेंगू और अन्य बीमारियों के फैलने का डर लोगों को सता रहा है। निवासियों ने परिषद से मांग की है कि मैदान की तुरंत सफाई कराई जाए और कचरा प्रबंधन की उचित व्यवस्था की जाए।निवासियों की पीड़ास्थानीय निवासी रमेश का कहना है कि कई बार शिकायत करने पर भी परिषद ने कोई ध्यान नहीं दिया। "यह गंदगी बीमारी को न्योता दे रही है, जिम्मेदार अधिकारी चुप बैठे हैं।"निवासियों ने नगर परिषद से शीघ्र कार्रवाई कर मैदान को स्वच्छ बनाने की मांग की है ताकि लोग स्वस्थ वातावरण में सांस ले सकें।

## टीटीसी निरीक्षण में बोले महाप्रबंधक: तकनीकी प्रशिक्षण में गुणवत्ता और व्यवहारिकता दोनों जरूरी





धनपुरी।

सोहागपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक पी श्री कृष्णा एवं कार्यपालन अभियंता श्री जैन ने शुक्रवार को क्षेत्रीय प्रशिक्षण एवं तकनीकी केंद्र (टीटीसी) का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण व्यवस्था, तकनीकी मॉडल्स और छात्रों की सुविधा से जुड़ी व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया।निरीक्षण की शुरुआत वर्किंग मॉडल सेक्शन से हुई, जहां उन्होंने ओपन कास्ट माइनिंग से जुड़ी महत्वपूर्ण तकनीकों जैसे — माइन राइडिंग, ट्रेनिंग गैलरी, कंटीन्युअस माइनर, सरफेस माइनर, हाई वॉल माइनर, कोल हैंडलिंग प्लांट (CHP), डेवलपमेंट एवं डिपिलरिंग मेथड — को देखा और उनके प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने सुझाव दिया कि ये मॉडल यथासंभव व्यवहारिक स्थितियों से मेल खाते हों, जिससे प्रशिक्षुओं को वास्तविक अनुभव प्राप्त हो सके।प्रशिक्षण कक्षाओं और भोजन की गुणवत्ता पर विशेष जोरमहाप्रबंधक द्वारा प्रशिक्षण कक्षाओं का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने प्रशिक्षुओं से संवाद कर उनकी सीखने की प्रक्रिया, समस्याएं और सुझावों को समझा। साथ ही, उन्हें दोपहर में प्रदान किए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता की जांच की और उसे संतुलित व पोषणयुक्त बनाए रखने हेतु स्पष्ट निर्देश दिए।पुस्तकालय और मॉडल रूम के संचालन में सुधार के निर्देशनिरीक्षण के दौरान उन्होंने पुस्तकालय और मॉडल रूम की स्थिति का भी जायजा लिया। महाप्रबंधक ने सुझाव दिया कि इन दोनों विभागों को और अधिक सुव्यवस्थित तथा प्रशिक्षुओं के लिए उपयोगी बनाया जाए। विशेष रूप से तकनीकी पुस्तकों और दृश्य मॉडल्स की संख्या व गुणवत्ता में बढ़ोतरी की बात कही।महाप्रबंधक का हुआ आत्मीय स्वागतनिरीक्षण के उपरांत टीटीसी परिवार द्वारा महाप्रबंधक श्री पी. कृष्णा और श्री जैन का सम्मान किया गया। उन्हें शाल, श्रीफल व पौधा भेंटकर स्वागत किया गया। महिला कर्मचारियों द्वारा एक प्रतीक चिन्ह भी प्रदान किया गया, जिसे महाप्रबंधक ने संस्था की समर्पित भावना का प्रतीक बताया।वरिष्ठ अधिकारी व प्रशिक्षण टीम रही उपस्थितइस अवसर पर क्षेत्रीय प्रशिक्षण अधिकारी श्री प्रकाश पटले, व्यावसायिक प्रशिक्षण अधिकारी श्री के.सी. रेगर, श्री के.पी. मिश्रा, श्री परस्ते, लक्ष्मी मैडम, साहू मैडम, सृष्टि शर्मा और पूजना पांडे उपस्थित रहे। सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन, समन्वय एवं धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्रबंधक श्री गोविंद सिंघल द्वारा किया गया।

## प्रचार का अड्डा बना डिवाइडर एमपी आरडीसी में डिवाइडर में भरा पुरानी सड़क का कचरा

**ब्यौहारी।** नगर पालिका का डिवाइडर जिसमें नगर की सुंदरता बढ़ाने के लिए पेड़ पौधे लगवाना था वहां दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों के सामने प्रचार के बोर्ड लगवा दिया है अपनी दुकानदारों के बड़े-बड़े बोर्ड डिवाइडर में लगवा दिए इससे लगता है कि इनमें पौधरोपण न हो पायेगा एम पी आर डी सी द्वारा सड़क बनाते समय सड़क की डामर युक्त मिट्टी डिवाइडर में डाल दी जिससे वहां पेड़ नहीं उग सकता अभी तालाब की खुदाई से जो मिट्टी निकाली है उसे मिट्टी को पूरे डिवाइडरों में भरकर एमपी आरडीसी द्वारा तैयार किया जाए तभी वहां पौधे लगाए जा सकते हैं तालाब की मिट्टी उर्वरक युक्त है । नगर वासियों ने कलेक्टर से डिवाइडर से प्रचार बोर्ड हटाकर शीघ्र पौधा रोपण करवाए जाने की मांग की है ।

## ट्रैक्टर की ठोकर लगने से युवक की मौत

ब्यौहारी



थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक युवक की ट्रैक्टर की ठोकर लगने से मौत हो गई सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार के ग्राम पंचायत पसगड़ी के मजुरहा से दिनांक 28/06/25 को दोपहर 1:30 बजे पसगड़ी के पूर्व सरपंच रमाकांत पांडे के रिश्तेदार हर्ष मिश्रा का ट्रैक्टर जंगल विभाग के एरिया सरवाही खुर्द से रेत खनन करने गया था जहां पर जंगल विभाग के मुंशी द्वारा भगाया गया भागते समय मजुरहा के पास ट्रैक्टर के ठोकर लगने से युवक की मौत हो गई यूवक का नाम रामेश्वर सिंह पिता प्रिंस सिंह ग्राम पंचायत पसगड़ी का रहने वाला है घटना की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी घटना को लेकर आक्रोश है और ट्रैक्टर मलिक के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग कर रहे हैं जब तक कार्रवाई नहीं होगी तब तक हम पीएम नहीं कराएंगे।

## ताला तोड़कर लाखों के जेवर व नकदी किये पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



बदमाशों ने एक रिटायर्ट फौजी के घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरो ने लाखों के जेवरात सहित नकदी रूपए भी पार कर दिये। वारदात निवार चौकी क्षेत्र की है। चोरी की जानकारी परिवार के लोगों को तब हुई जब परिवार कार्यक्रम मे शामिल होनें के बाद बापस लौटे। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौका मुआयना कर चोरों की पतासाजी का प्रयास कर रही है।

### घर लौटे तो टूटा मिला ताला

सेवानिवृत्त फौजी धर्मराज गोस्वामी निवासी निवार रेलवे स्टेशन के पास ने बताया कि 26- को लगभग 10 बजे दिन मे घर के सभी लोग कार्यक्रम मे शामिल होनें के लिए तखला गए थे। सुबह करीब 10 बजे यह अपने भाई के यहां कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। तखला गांव कार्यक्रम बाद शाम को जब वह घर लौटे तो उनके घर के कमरों में दरवाजा का ताला टूटा मिला। परिवार के लोगों ने देखा कि कमरों में रखी अलमारी, लॉकर व बक्सों के ताले टूटे हैं। इसमें रखे करीब लाखो रुपये के जेवरात व 30 हजार की नकदी गायब है। दिन में चोरों ने रैकी लगभग 12 से 1:00 बजे के बीच इस सुने मकान का ताला तोड़ दिया। निवार चौकी पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। कटनी शहर में एक बार फिर चोरों का आतंक लोगों के घरों में छाने लगा ग्रामीण क्षेत्र से लेकर शहरी क्षेत्र में भी चोरी जैसी वारदात सामने आने लगी। जांच के दौरान चोरों के बारे में प्रथम दृष्टया सुराग नहीं लग सका है। जांच की जा रही है।

## इलाज कराने कटनी आ रही महिला हो गई लापता

### काफी तलाश के बाद भी नहीं मिलने पर थाना में दी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



एक महिला अचानक से लापता हो गई। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल पाया। थक हारकर परिजन पुलिस थाना पहुंचे तथा महिला के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई। जानकारी के अनुसार बरही थाना क्षेत्र के ग्राम धवैया निवासी बसंत लाल साहू ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि उसकी पत्नी दुर्घटिया बाई 21 जून को ग्राम धवैया से इलाज कराने के लिए कटनी के लिए निकली थी। कटनी में उसका पुत्र रहता है जब दुर्घटिया बाई कटनी नहीं पहुंची तो परिजनों ने उसकी तलाश करना शुरू किया। काफी पतासाजी के बाद भी महिला का कोई भी अता पता नहीं मिल पाया। इसके बाद परिजन थाना पहुंचे और महिला के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए महिला की पतासाजी का प्रयास शुरू कर दिया है।

### साढ़े 5 करोड़ रूपये से अधिक के ऋण एवं स्वीकृति पत्र किए गये वितरित

**कटनी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में शुक्रवार को रतलाम में रीजनल इण्डस्ट्री स्किल एंड एम्प्लायमेंट (RISE) कॉनक्लेव का राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के सीधे प्रसारण को कटनी कलेक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष में वर्चुअली देखा व सुना गया। इस कार्यक्रम के तहत कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय कार्यकम का आयोजन किया गया। जहां एमएसएमई प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत 24 इकाईयों को लगभग 5 करोड़ 47 लाख 41 हजार 717 रूपये एवं विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के 5 हितग्राहियों को राशि 27 लाख 75 हजार रूपये के ऋण के स्वीकृति पत्र वितरित किये गये। कार्यकम के दौरान अपर कलेक्टर साधना परस्ते, डिप्टी कलेक्टर विवेक गुप्ता, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र की महाप्रबंधक ज्योति सिंह चौहान, सहायक प्रबंधक राजेश पटेल एवं अधिकारीगण, मौजूद रहे। इसके अलावा नगर निगम, अल्पसंख्यक पिछडा वर्ग, अंत्यारवसायी निगम के प्रतिनिधि एवं लाभांवित इकाईयों जैसे मेसर्स सुखसागर फूड प्रोडक्ट, मेसर्स श्रीयतिराज एग्रो, मेसर्स मां शारदा वॉलकेयर, मेसर्स विजिम इण्ड, आदि फर्मों के उद्योगपति उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने की भगवान जगन्नाथ की पूजा

**कटनी।** नगर के प्राचीन भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी जी के मंदिर से निकलने वाली 143वीं रथ यात्रा के भव्य आयोजन के पुण्य अवसर पर कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने यहां जगन्नाथ चौक पहुंचकर भगवान श्री जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा की पूजा-अर्चना कर जिलेवासियों की सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। कलेक्टर श्री यादव ने भगवान जगन्नाथ की आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान कलेक्टर श्री यादव को मंदिर के पुजारी श्री चंद्रिका प्रसाद दुबे ने भगवान श्री जगन्नाथ का प्रसाद दिया और पीतांबरी गमछा ओढ़ाया। भगवान श्री जगन्नाथ की आरती के पश्चात कलेक्टर श्री यादव ने समिति के पदाधिकारियों के साथ जगन्नाथ रसोई घर का भी निरीक्षण किया और यहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। रथ यात्रा में पहुंचे कलेक्टर श्री यादव द्वारा यात्रा में शामिल होने आए कलाकारों से परिचय प्राप्त किया गया। इस दौरान एसडीएम कटनी प्रदीप कुमार मिश्रा, तहसीलदार कटनी नगर बालकृष्ण मिश्रा सहित श्री जगन्नाथ मंदिर कमेटी के अध्यक्ष प्रमोद सहित अन्य पदाधिकारी और प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### विधिक साक्षरता शिविर 1 व 2 जुलाई को

**कटनी।** ग्राम पंचायत पहाड़ी में मंगलवार 1 जुलाई को एवं विकासखंड बड़वारा के ग्राम पंचायत बड़वारा में बुधवार 2 जुलाई को विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया है। एसडीएम कटनी श्री प्रदीप कुमार मिश्रा ने बताया कि यह शिविर शाम 4 बजे से संबंधित ग्राम पंचायत कार्यालय में आयोजित होगा। शिविर में आमजनों से उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

## जनसंवाद कार्यक्रम में कलेक्टर ने सुनीं 62 ग्रामीणों की समस्यायें

**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव जनपद पंचायत बड़वारा के ग्राम पंचायत भजिया में आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में पहुंचे। यहाँ उन्होंने 62 ग्रामीणों की समस्याएं सुनी एवं अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।इस दौरान जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत, एसडीएम कटनी शप्रदीप कुमार मिश्रा, जिला पंजीयक पंकज कोरी, जिला श्रम अधिकारी के बी मिश्रा, तहसीलदार संदीप सिंह ठाकुर, नायब तहसीलदार सुश्री अनुराधा सिंह सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।लोक सुनवाई के दौरान ग्राम भजिया निवासी उमेश कुमार चौधरी पिता कमला चौधरी ने मकान का पट्टा दिलाये जाने की मांग करते हुए बताया कि मैं मजदूरी करके जीवन यापन करता हूँ एवं मेरा मकान पिछले 20 वर्षों से शासकीय भूमि पर बना है। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने एसडीएम को निश्चित समयावधि में कार्यवाही करने के निर्देश दिए।इसी प्रकार धनगवां निवासी भागवत लाल यादव ने पट्टा दिलाने की मांग करते हुए कहा कि मैं पिछले कई वर्षों से शासकीय भूमि पर काबिज हूँ। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने तहसीलदार को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। लोक सुनवाई में ग्राम भुइया निवासी शिवशंकर कुशवाहा ने बताया कि मैं मजदूरी करके जीवनयापन करता हूँ। परंतु, गरीबी रेखा में मेरा नाम नहीं जुड़ा है। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने एसडीएम को समय-सीमा में पात्रतानुसार नाम जोड़ने के निर्देश दिए। लोकसुनवाई के दौरान भजिया निवासी परंगी कुशवाहा ने आवेदन देते हुए कहा कि वर्ष 2008 में मैंने जमीन खरीदी थी। इस जमीन पर मैं तब से लगातार कृषि कर रहा हूँ। मैंने नक्शा सुधार हेतु आवेदन दिया था। परंतु अभी तक नक्शा सुधार नहीं हो पाया है। इस पर कलेक्टर श्री

**बारिश ने खोली नगरपालिका के दावों की पोल**

# बारिश से अस्त-व्यस्त हुआ जनजीवन नालियों का गंदा पानी सड़कों पर बहा

**सड़क में गड्ढे या गड्ढों में सड़क, समझना मुश्किल**

**नगर पालिका अनूपपुर में जिम्मेदारों ने जिम्मेदारी से किया किनारा**

जिले मे साल की पहली व झमाझम बारिश से जहां एक तरफ लोगों को राहत मिली वहीं नगर पालिका के व्यवस्थित दावों की पोल भी खुल गई। नगर के अंदर नालों और नालियों का पानी उफनकर सड़क पर आ गया। जिसके चलते नगर की सड़के ताल तलैया में तब्दील हो गई। इससे लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी। सड़क पर काफी जल भराव से दो पहिया वाहनों व एवं पैदल चलने वाले राहगीर फिसलकर गिरते दिखाई दिए, वही वर्षो से मरम्मत व निर्माण को तरसते खस्ताहाल सड़कों ने भी लोगों को खूब परेशान किया। अधिकतर गलियां और सड़कें भी चलने लायक नहीं रह गईं। सड़कों पर इतना कीचड़ हो गया कि लोगों को घर से बाहर निकलने में काफी परेशानी हुई। नाली, नालों का पानी सड़कों के ऊपर से बहने लगा।

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर

नगर पालिका अनूपपुर मे जब से नई परिषद का गठन हुआ है। तब से सब कुछ ठीक नही चल रहा है। जिस कारण नगर के विकास पर ग्रहण सा लग गया है। हर ओर अराजकता व समस्याओं मे लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है मगर जिम्मेदारों ने मौन साध रखा है। जिस कारण जहां नगरवासी समस्याओं के अंबार के बीच जीवन गुजारने को मजबूर हैं वही विकास की आस लगाये बैठे नगरवासियों ने अब आशा भरी निगाहों से देखना ही बंद कर दिया है क्योंकि उन्हे एहसास हो चुका है कि चुने हुये नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों से आस लगाने से कोई मतलब नही है।

### पहली ही बरसात ने खोली पोल

बीते दिवसों मे हुई बारिश ने नगर के विकास व दिखाये जा रहे रोडमैप की धज्जियां उड़ा दी। बारिश से जहां नगर के कई मोहल्ले की गलियां नाली के पानी से लबालब हो गईं वही खस्ताहाल सड़कों ने और भी ज्यादा समस्या बढ़ा दी जिससे यह समझ नही आ रहा था कि नाली है अथवा नगर पालिका का रास्ता क्योंकि यहां के अधिकांश रास्तों मे गड्ढों के बीच कहीं कहीं पर सड़क नजर आती है।

### कचरे से भरी नालियां, जल निकासी बाधित

इस बार जो तस्वीरें सामने आई हैं, उनमें साफ देखा जा सकता है कि नालियों की सफाई अधूरी रही। प्लास्टिक, कचरे और मिट्टी से भरी नालियों ने पानी के बहाव को रोक दिया, जिससे सड़कें भर गईं। कई इलाकों में वाहन पानी में फंस गए। स्कूल से लौट रहे छात्र, ऑफिस से घर आ रहे कर्मचारी, सभी को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई दुकानों में पानी घुस गया, जिससे आर्थिक नुकसान भी हुआ।





### बिजली की ट्रिपिंग ने भी रुलाया

हल्की बारिश मे बिजली भी आंख मिचौली शुरू कर देती है। जिससे बरसात के शुरूआती दिनों मे ही बिजली की ट्रिपिंग दिनों दिन बढ़ती जा रही है। दूसरी ओर कई दिन की असहनीय गर्मी के बाद हल्की बारिश हुई। जिससे सभी ने राहत महसूस की। ज्ञात हो कि नगर मे लगभग सभी 15 वार्डों मे मूलभूत सुविधाओं की कमी है। जिसमे सड़की स्थिति तो अत्यंत दयनीय है। जबकि क्षेत्र के विकास के लिए मुख्य केन्द्र बिन्दु अच्छी सड़कें होती है, परंतु अपनी स्थिति पर आंसू बहाती सड़कों ने जवाब दे दिया है कि अब अगर मरम्मत अथवा नवनिर्माण नही हुआ तो कुछ दिनों मे यह भी पता नही चलेगा कि सड़क है भी कि नही। अभी तो गड्ढों के बीच सड़क देखकर अंदाजा लग जाता है कि यही नगर पालिका का रास्ता है। हालांकि कई जगहों पर नया सडक बनाया गया है लेकिन वह नाकाफी है।

## थाना यातायात में स्कूल संचालकों की मीटिंग की गई आयोजित



सभी मापदंडों को तीन दिन में पूरा करने के निर्देश

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** स्कूली वाहनों में माननीय सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के अनुसार सभी सुरक्षा मापदण्ड का पालन सुनिश्चित करने के दिए गए निर्देश शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के साथ ही स्कूली वाहनों से बच्चों का आवागमन शुरू हो गया है, जिसे दृष्टिगत रखते हुए आज थाना यातायात परिसर में स्कूल संचालकों की मीटिंग आयोजित कर, बच्चों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने स्कूली वाहनों में सभी सुरक्षा मापदंडों का पालन करने हेतु लिखित निर्देश जारी किए गए तथा गाइडलाइन की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया कि स्कूली वाहनों के सभी दस्तावेज जैसे बीमा, फिटनेस, परमिट, प्रदूषण सर्टिफिकेट, कंप्लीट करवाए उसके बाद ही रोड पर लाएं। स्कूल वाहन का रंग पीला होना चाहिए तथा उसमें आगे पीछे स्कूल बस स्कूल वेन लिखा हो यदि वाहन अनुबंधित है तो उक्त वाहन पर ऑन स्कूल ड्यूटी लिखा होना चाहिए। स्कूल बसों में गति नियंत्रण यंत्र (स्पीड गवर्नर) लगा होना चाहिए। स्कूल बसों की खिड़कियों में होरिजेंटल ग्रिल लगा होना चाहिए। स्कूल बस वेन में अग्निशमन यंत्र की व्यवस्था होनी चाहिए। स्कूल बस स्कूल वेन में स्कूल का नाम एवं मोबाइल नंबर अंकित होना चाहिए। स्कूल बस में प्रवेश एवं निर्गम हेतु प्रथक प्रथक दो दरवाजे होने चाहिए तथा उनका लॉकिंग सिस्टम अच्छा होना चाहिए। स्कूल बस में सीसीटीव्ही कैमरा एवं जीपीएस सिस्टम लगा हो। वाहन की गति 40 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक ना हो। स्कूल बस में परिचालक आवश्यक रूप से हो। स्कूल वाहन चालक के पास हैवी लाइसेंस होना चाहिए तथा उसको कम से कम 5 साल का भारी वाहन चलाने का अनुभव होना चाहिए। वाहन चालक का पुलिस द्वारा चरित्र सत्यापन अवश्य करवाए। समस्त स्कूल संचालक ट्रांसपोर्ट मैनेजर की नियुक्ति करेंगे जो वाहन के मेंटेनेंस एवं दस्तावेजों का संधारण सुनिश्चित करेंगे। स्कूल बस के चालक हिदायत देंगे कि वह समस्त यातायात नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाएं तथा नशे की स्थिति में वाहन ना चलाएं। उपरोक्त सभी मापदंडों को तीन दिन में पूरा करें, मीटिंग में जिला परिवहन अधिकारी सुरेंद्र सिंह गौतम, यातायात प्रभारी ज्योति दुबे, सहित अनूपपुर जिले में संचालित प्राइवेट स्कूल के प्रबंधक उपस्थित रहे।

## आधार अपडेशन तथा समग्र ई केवाईसी के लंबित कार्यों को 30 जुलाई तक पूर्ण करने के निर्देश



अपेक्षित प्रगति नहीं मिलने पर संबंधित पर होगी कार्यवाही

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** आमजन को मध्य प्रदेश शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त हो इस हेतु जिले के सभी ग्राम पंचायत के सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक, मोबिलाइजर जनता के प्रति जिम्मेदार बनाकर उनकी कठिनाइयों का निराकरण करें जिन लोगों के आधार अपडेशन,समग्र ई केवाईसी का कार्य लंबित है उन्हें आगामी 30 जुलाई तक शत प्रतिशत पूर्ण किया जाए उक्ताशय के निर्देश कलेक्टर श्री हर्षल पंचोली ने जिला पंचायत अनूपपुर के सभागार में विकासखंडवार ग्राम पंचायतो के सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, मोबिलाइजर, आधार ऑपरेटर तथा नगरीय निकायों के नोडल अधिकारियों की बैठक में आधार कैंप तथा समग्र ई केवाईसी अभियान के प्रगति की समीक्षा करते हुए दिए। कलेक्टर ने समीक्षा बैठक में अमले को निर्देश दिए कि वह घर-घर दस्तक देकर आधार अपडेशन तथा समग्र ई- केवाईसी का कार्य पूर्ण करें उन्होंने कहा कि प्रतिदिन कार्यों में अपेक्षित प्रगति प्राप्त होना चाहिए इस कार्य को जुलाई माह में शत प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं उन्होंने अमले को निर्देश दिए की प्रतिदिन दिन का लक्ष्य तय कर कार्यो में प्रगति लाए उन्होंने ग्राम स्तरीय अमले को संयुक्त समन्वय से उक्त कार्यों को करने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि रिव्यू बैठक में अगर प्रगति अपेक्षित नहीं प्राप्त हुई तो संबंधितों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी उन्होंने इस संबंध में तकनीकी दिक्कतों आधार सुधार के लिए लगाए गए कैंप में आ रही समस्याओं आदि के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की उन्होंने कहा कि जहां आधार अपडेशन के अधिक कार्यलंबित हैं वहां चार-पांच दिन का लगातार कैंप लगाकर समस्याओं का निराकरण किया जाए उन्होंने अमले को निर्देश दिए कि जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों के माध्यम से आधार कैंप के लिए शेड्यूल निर्धारित किया जाए उन्होंने इस संबंध में ई गवर्नेंस के जिला प्रबंधक को भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि आधार अपडेशन तथा समग्र ई- केवाईसी कार्य में जनपद एवं जिला स्तर पर बॉटम 10 में रहने वाले लोगों की प्रतिदिन समीक्षा की जाएगी तथा लापरवाही पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने ग्राम स्तरीय अमले को समग्र आई केवाईसी तथा आधार अपडेशन के संबंध में प्राथमिकता तय कर सिचुरेशन मोड में कार्य करने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि समग्र ई केवाईसी तथा आधार अपडेशन कार्य में लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।



## ट्रेन से गिरकर अज्ञात युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

चार दिन पूर्व 24 जून की रात जैतहरी-अनूपपुर रेलखंड के मध्य अनूपपुर में अज्ञात ट्रेन से गिरने पर चोट लगने से 35 वर्षीय अज्ञात युवक का शव पुलिस ने बरामद कर चार दिनों तक मृतक के पहचान करने का प्रयास किया किंतु पहचान ना होने के कारण शनिवार की दोपहर पुलिस एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मुक्तिधाम अनूपपुर में दफनाकर अंतिम संस्कार किया। घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार 24 जून की रात रेलवे स्टेशन मास्टर अनूपपुर में कोतवाली थाना अनूपपुर को सूचना दी कि जैतहरी से अनूपपुर की ओर आने वाली रेलवे लाइन में खंबा क्रमांक 367/39 व्ही, पी, रेललाईन में एक अज्ञात व्यक्ति अज्ञात ट्रेन से गिरने के कारण सिर तथा चेहरे में चोट लगने पर स्थल पर ही मृत पड़ा हुआ है। सूचना के आधार पर कोतवाली थाना अनूपपुर के सहायक उप निरीक्षक गोविंद प्रसाद पनिका पुलिस दल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मृतक के शव का पंचनामा किया मृतक कत्थे रंग का डिजाइन दार टी शर्ट एवं काले रंग का फुल पैन्ट पहले रहा है पास में एक छोटा बैग के अलावा पहचान का अन्य कोई दस्तावेज नहीं मिला मृतक के शव को जिला चिकित्सालय अनूपपुर के पी, एम, वार्ड के शव फ्रीजर में सुरक्षित रखकर विभिन्न माध्यमों से अज्ञात युवक की पहचान किए जाने की कोशिश की गई किंतु चार दिन हो जाने के बाद भी किसी तरह की पहचान ना होने के कारण पुलिस के द्वारा ड्यूटी डॉक्टर से मृतक के शव का पीएम, कराने बाद अनूपपुर नगर के सोननदी के किनारे स्थित मुक्तिधाम में सहायक उप निरीक्षक गोविंद प्रसाद पनिका, जिला मुख्यालय के सामाजिक कार्यकर्ता शशिधर अग्रवाल, गोपाल प्रसाद राठौर, गोपाल वर्मा, गणेश के द्वारा नगरपालिका अनूपपुर से प्राप्त जेसीबी की मदद से दफनाकर अंतिम संस्कार कर मृत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की।

**शहडोल सांसद ने अपनी बेटी का सरकारी स्कूल में कराया 'दाखिला'**

## 'सरकारी सिस्टम' पर भरोसा कर नेताओं, अधिकारियों के लिए बनीं मिसाल

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

शहडोल सांसद हिमाद्री सिंह ने अपनी बेटी गिरीशा नंदिनी का एडमिशन किसी हाई-फाई इंग्लिश मीडियम में नहीं, बल्कि अपने गृह ग्राम राजेन्द्रग्राम की शासकीय कन्या प्राथमिक शाला में कराया। वो भी खुद स्कूल जाकर। इस कदम ने एक नहीं, कई सवाल खड़े कर दिए है कि क्या अब भी सरकारी स्कूल सिर्फ गरीबों के लिए हैं। क्या नेता के बच्चे भी वहीं पढ़ सकते हैं जहां आमजन के बच्चे पढ़ते हैं। यह कदम दिखाता है कि शिक्षा में समानता सिर्फ नारा नहीं, अगर नेता चाहें तो इसे सच में जी सकते हैं। अब सवाल समाज से है क्या हम अपनी बेटियों और बेटों को वही दर्जा दे पा रहे हैं जो एक सांसद दे रही हैं। और नेताओं से क्या आपमें भी इतनी हिम्मत है कि अपने बच्चों को सरकारी स्कूल भेज सकें।

### जब सांसद ने किया सिस्टम पर भरोसा

हिमाद्री सिंह का यह कदम केवल एक व्यक्तिगत निर्णय नहीं, बल्कि सिस्टम को अपना मानने का साहसिक ऐलान है। आज जब सरकारी स्कूलों को 'गरीबों की मजबूरी' और प्राइवेट स्कूलों को 'स्टेटस सिंबल' मान लिया गया है, ऐसे समय में सांसद का यह फैसला उस सोच को ललकार रहा है। उन्होंने कहा"मेरी बेटी वहीं पढ़ेगी, जहां आम बच्चा पढ़ता है। यानी अब सिस्टम से भागने नहीं, उसे सुधारने की जिम्मेदारी वो खुद उठाने को तैयार हैं। हर गली में अंग्रेजी मीडियम स्कूल खुल रहे हैं, जिसमें ज्यादा अंग्रेज़ी, कम मूल्य होते हैं। लेकिन इस माहौल में जब एक सांसद अपनी बेटी को हिंदी माध्यम, सरकारी स्कूल में भेजती है, तो वह न सिर्फ समाज को आईना दिखाती हैं, बल्कि 'कॉन्वेंट कल्चर' पर भी तीखा सवाल खड़ा करती हैं कि क्या शिक्षा का मतलब सिर्फ ब्रांड है या विश्वास। हिमाद्री सिंह का ये फैसला कहता है असली ब्रांड वो स्कूल है, जो समाज को जोड़ता है, न कि तोड़ता है।




### बेटा बेटियों के लिए बड़ा संदेश

बेटी पढ़ाओ सर्व शिक्षा अभियान की बात हर मंच से होती है, पर उसे जीता कौन है। हिमाद्री सिंह ने खुद अपनी बेटी का सरकारी स्कूल में दाखिला कर, हर उस मां-बाप को संदेश दिया है जो बेटियों और बेटों की पढ़ाई को बोझ मानते हैं या उन्हें 'कमतर' स्कूलों में पढ़ा कर संतोष कर लेते हैं। जब एक सांसद की बेटी सरकारी स्कूल में पढ़ सकती है, तो क्या गांव का हर बाप यह भरोसा नहीं कर सकता कि उसकी बेटी भी कुछ बन सकती है। नेताओं के बच्चे दिल्ली-मुंबई के महंगे बोर्डिंग स्कूलों में पढ़ते हैं और आमजन के बच्चे सरकारी स्कूलों में 'मिड डे मील' के सहारे। लेकिन हिमाद्री सिंह का यह फैसला इस दोहरे रवैये को तोड़ता है। अब सवाल उठता है कि क्या बाक़ी जनप्रतिनिधि भी अपने बच्चों को गांव के स्कूल में भेजेंगे या शिक्षा सिर्फ उनके लिए 'लाइफस्टाइल स्टेटस' बना रहेगा। देश प्रदेश संभाग जिला के सभी जनप्रतिनिधि ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, जिला पंचायत, विधायक और अन्य सांसद के साथ सरकारी कर्मचारियों के लिए जनता अब सवाल कर चर्चा करते खुले आम नजर आ रही है। हिमाद्री सिंह ने तो अपनी जिम्मेदारी निभा दी, अब बारी समाज के जिम्मेदार नागरिक, जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारियों की है। क्या ये सभी भी अपने बच्चों के लिए 'फीस' देखकर स्कूल चुनेंगे या अब 'नीतियों' की ओर देखेंगे। क्या हम सभी अपने बेटे बेटियों को सरकारी स्कूल में पढ़ाने को गर्व मानेंगे या मजबूरी। यह खबर केवल एक सांसद की नहीं, हर मां-बाप के लिए एक चेतावनी है कि शिक्षा में भेदभाव छोड़िए, तभी समाज आगे बढ़ेगा।



## सनातन सेवा सत्संग कानपुर के तत्वाधान में आयोजित हो रहा धार्मिक अनुष्ठान

**कलयुग में मां नर्मदा ही भवतारिणी है-राम कृष्णानंद**



हरिभूमि न्यूज अमरकंटक। पावन पवित्र नगरी अमरकंटक में सनातन सेवा सत्संग कानपुर के तत्वाधान में चतुर्थ गुप्त नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर धार्मिक अनुष्ठान का भव्य एवं विशाल आयोजन संवत 2082 सिद्धार्थी नाम आषाढ़ शुक्ल पक्ष प्रतिपदा आर्दा नक्षत्र 26 जून से 4 जुलाई चित्रा नक्षत्र शुक्रवार तक नौ दिवसीय धार्मिक आध्यात्मिक आयोजन बर्फानी आश्रम के राजराजेश्वरी के हाल में विभिन्न अंचलों से आए लगभग 50 से भी अधिक भक्त श्रद्धालुओं के द्वारा पूरे भक्ति भाव के साथ विधि विधान एवं परंपरागत ढंग से आयोजित किया जा रहा है। बताया गया कि सनातन सेवक सत्संग के द्वारा आयोजित धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम में दैविक दैविक भौतिक तापों के शमन के हेतु एवं आत्म जीवन कल्याणार्थ आयोजित नौ दिवसीय शिविर में वरिष्ठ पुरुषों एवं महिलाओं के भक्तिमय आयोजन में श्री राम कथा श्रीमद् भागवत गीता पाठ दुर्गा सप्तशती पाठ चतुषश्लोकी भागवत पाठ एवं ज्ञान यज्ञ प्रवचन प्रकांड साधु संतों विद्वानों तथा आचार्य द्वारा किया कराया जा रहा है। सनातन सेवा सत्संग के द्वारा आगंतुक शिवरार्थियों द्वारा प्रत्येक दिवस योग प्राणायाम प्रातः संध्योपासन प्रार्थना चतुश्लोकी भागवत व गीता पाठ दुर्गा सप्तशती पाठ श्री राम कथा साधु संतों के प्रवचन हवन पूजन अर्चन निरंतर किया जा रहा है। फल स्वरुप पवित्र नगरी अमरकंटक में आध्यात्मिक एवं धर्म मय वातावरण बना हुआ है। सनातन सेवा सत्संग सत्संग के धार्मिक आध्यात्मिक अनुष्ठान शिविर में मार्कंडेय आश्रम के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी रामकृष्णानंद जी महाराज ने विभिन्न विषयों पर सारगर्भित ओजस्वी उद्बोधन दिया उन्होंने पतित पावनी मां नर्मदा जी का जीवन चरित्र का विस्तृत व्याख्यान देकर शिवरात्रि का ज्ञानार्जित किया। इस अवसर पर महाराज श्री ने नर्मदा महात्म प्रतिपादित किया। सनातन सेवा सत्संग शिविर का आयोजन आचार्य सुधीर मिश्र संस्थापक एवं अध्यक्ष राजेश दीक्षित कक्का उपसचिव संयोजक यमुना प्रसाद पांडे सहसंयोजक केशव गुप्ता उपाध्यक्ष पंडित अखिलेश शुक्ला उपाध्यक्ष पंडित आरके दुबे सरस्वती धाम शहर कोषाध्यक्ष पंडित राजेंद्र अवस्थी के उल्लेखनीय प्रयासों से उक्त अनुष्ठान एवं धार्मिक आयोजन हो रहा है। पंडित राजेशानंद जी द्वारा व्यास पीठ से सरस राम कथा की जा रही है।

## जयस पार्टी के प्रदेश महासचिव ने 40 साथियों के साथ ग्रहण की भाजपा की सदस्यता

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम ने जिले के पुष्पराजगढ़ विधानसभा में जयस संगठन की कमर तोड़ दी है। 28 जून 2025 को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा की उपस्थिति में भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम के नेतृत्व में जयस संगठन के प्रदेश महासचिव राजेश सरातठिया ने अपने 40 साथियों के साथ भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली है। पुष्पराजगढ़ विधानसभा में जयस के भारी संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी के टूटकर भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने से जयस संगठन को जहां बड़ा झटका लगा है तो वहीं भारतीय जनता पार्टी को इसका बड़ा लाभ आने वाले समय में मिलने वाला है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने जयस के सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारियों को भाजपा की सदस्यता दिलाते हुए उन्हें बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और कहा कि निश्चित तौर पर आने वाले समय में भारतीय जनता पार्टी और मजबूत स्थिति में पुष्पराजगढ़ विधानसभा में होगी। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वाले सभी जयस के कार्यकर्ता और पदाधिकारियों को भाजपा का अंग वस्त्र पहनकर उन्हें पार्टी में शामिल किया गया। इस अवसर पर भाजपा के जिले के महामंत्री जितेंद्र सोनी उपस्थित रहे। उपरोक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह द्वारा दी गई।

## भोपाल के चिरायु अस्पताल में भर्ती अमन नामदेव से मिलने पहुंचे शराब ठेकेदार प्रवीण राय



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** 14 जून की रात कोतमा थाना अंतर्गत शुक्ला ढाबा के पास हुए सड़क हादसे में घायल अमन नामदेव से मिलने के लिए नगर के शराब ठेकेदार प्रवीण राय गुरुवार को भोपाल स्थित चिरायु हॉस्पिटल पहुंचे। हादसे के बाद से ही अमन गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती हैं, जहां अब उनकी स्थिति में लगातार सुधार हो रहा है। प्रवीण राय ने अस्पताल पहुंचकर अमन का हालचाल जाना और परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि अमन मेरे छोटे भाई जैसा है। हादसे की खबर मिलते ही मैं लगातार संपर्क में था और जो भी मदद बन सकी, वो मैंने पहले भी की है और आगे भी करता रहूंगा। प्रवीण राय ने अमन के स्वास्थ्य में सुधार की जानकारी देते हुए बताया कि डॉक्टरों की मेहनत और परिवार की दुआओं से अब अमन की हालत पहले से बेहतर है और जल्द ही वह पूरी तरह स्वस्थ होकर नगर लौटेगा। स्थानीय स्तर पर प्रवीण राय की इस पहल की सराहना हो रही है। अमन के परिजनों ने भी उनकी सहायता और सहयोग के लिए आभार प्रकट किया है।